दिन– गुरुवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 09 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　अवधि – 05 मिनट

जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेंगे। श्री कुमार शपथ ग्रहण के लिए दिल्ली रवाना हो गये हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेता और संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बताया कि शपथ ग्रहण के बाद मुख्यमंत्री अपने पद से इस्तीफा देंगे। श्री चौधरी ने कहा कि इसके बाद नये सरकार के गठन और मुख्यमंत्री के चयन को लेकर एनडीए के घटक दलों की बैठक होगी।

———————————————————————

बिहार में नई सरकार के गठन को लेकर कल नई दिल्ली में भाजपा की एक बैठक बुलाई गयी है। बैठक में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। इस बैठक में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भी शामिल होने की सम्भावना है।

———————————————————————

निर्वाचन आयोग ने बिहार विधान परिषद की एक रिक्त सीट के लिए चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा कर दी है। सोलह अप्रैल को चुनाव की अधिसूचना जारी होगी और इसी दिन से नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो जायेगी। नामांकन की अंतिम तिथि तेईस अप्रैल निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच चौबीस अप्रैल को होगी जबकि उम्मीदवार सत्ताईस अप्रैल तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। बारह मई को मतदान होगा और चौदह मई को मतों की गिनती की जायेगी। गौरतलब है कि जदयू के राधा चरण साह के इस्तीफे के कारण इस सीट पर चुनाव हो रहा है। वे भोजपुर जिले के संदेश विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुये थे।

———————————————————————

असम, केरलम और केंद्र शासित प्रदेश पुद्दुचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान जारी है। असम की सभी एक सौ छब्बीस सीटों, केरल की एक सौ चालीस सीटों और पुद्दुचेरी की तीस सीटों पर मतदान हो रहा है।

———————————————————————

खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण विभाग प्रदेश में होने वाले शादी समारोहों के लिए संबंधित परिवारों को कॉमर्शियल गैस सिलेंडर उपलब्ध करायेगा। विभागीय सचिव अभय सिंह ने बताया कि उपलब्धता के आधार पर सिलेंडर दिये जायेंगे। उन्होंने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में श्रमिकों को प्राथमिकता के आधार पर पांच किलो का सिलेंडर उपलब्ध कराया जायेगा। श्री सिंह ने बताया कि इसके लिए केवल वैध पहचान पत्र देना होगा।

———————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव कम होने से राज्य में बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज राज्य के उत्तर–पूर्वी जिलों – अररिया, किशनगंज, पूर्णिया और कटिहार में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना है। विभाग ने कहा है कि अगले तीन से चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में चार से छह डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी की संभावना है। वहीं, न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है।

———————————————————————

अररिया जिले के फारबिसगंज थाना क्षेत्र के कृषि बाजार उत्पादन समिति के पास ठेला लगाने को लेकर हुए विवाद में एक रेहड़ी वाले ने पिकअप वैन चालक की हत्या कर दी। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने रेहड़ी वाले की पीट–पीट कर हत्या कर दी। घटना स्थल पर स्थिति तनावपूर्ण, लेकिन नियंत्रण में बनी हुयी है।

———————————————————————

पटना पुलिस और एसटीएफ की टीम ने कुख्यात अपराधी शिव गोप को जक्कनपुर से गिरफ्तार कर लिया है। उस पर हत्या, लूट और रंगदारी समेत दो दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं।

———————————————————————

कटिहार जिले के रौतारा थाना क्षेत्र के हथिया दियारा लैला चौक के पास पुलिस ने एक साइबर ठग को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

पटना के अगमकुंआ थाना क्षेत्र के भागवत नगर स्थित एक घर में पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में नशीली दवाएं जब्त की है। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।